# नोएडा में फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी होगी बंद

## बिल्डर को बुकिंग के साथ करानी होगी रजिस्ट्री, नहीं होगा राजस्व चोरी, लागू होगा नया नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




अक्सर देखा गया कि बिल्डर मुनाफा कमाने के लिए एक ही फ्लैट कई लोगों को बेच देता है। वो अपना तो मुनाफा कमा लेता लेकिन इससे राजस्व का बड़ा नुकसान होता है। नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि क्योंकि नोएडा में त्रिपक्षीय रजिस्ट्री होती है।

यहां जितनी बार भी फ्लैट बिकेगा प्राधिकरण को ट्रांसफर चार्ज देना पड़ता है। जिसे तकनीकी रूप से ट्रांसफर ऑफ मैमोरैंडम कहते हैं। बिल्डर अब ये चालाकी नहीं कर सकेगा। नए नियम के तहत बिल्डर को एग्रीमेंट टू सेल करने के साथ ही बायर्स की रजिस्ट्री करानी होगी। जिससे बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। ऐसा करने से बायर्स का पूरा रिकार्ड प्राधिकरण में अपडेट हो जाएगा। इससे बिल्डर किसी दूसरे को फ्लैट नहीं बेच सकेगा। अगर ऐसा करता है तो बायर्स को प्राधिकरण से टीएम कराना होगा और चार्ज देना होगा। दूसरा बायर्स को समय से फ्लैट मिलेगा। अब तक ये व्यवस्था लागू नहीं थी। ऐसे में बिल्डर धोखे से एक ही फ्लैट को कई बार बेचकर मुनाफा कमाता था। साथ ही बायर्स के साथ भी धोखाधड़ी होती थी। ऐसे कई मामले रेरा और नोएडा के थानों में दर्ज है। जिसमें बिल्डर ने बायर्स से धोखाधड़ी करके एक ही फ्लैट कई लोगों को बेचा और सभी से टीएम के नाम पर पैसे लिए। बुकिंग के समय 10 त्र राशि देकर बिल्डर उसके पक्ष में एग्रीमेंट टू सेल एक्जक्यूट करेगा नए नियम के तहत कोई बायर्स बिल्डर से फ्लैट खरीदने जाता है तो बुकिंग के समय 10 प्रतिशत राशि देकर बिल्डर उसके पक्ष में एग्रीमेंट टू सेल एक्जक्यूट करेगा। साथ ही इस प्रॉपर्टी की वैल्यू के अनुसार स्टॉप ड्यूटी देते हुए इसे रजिस्टर कराना होगा। निर्माण पूरा होने के बाद पजेशन देते समय 100 रुपए के स्टॉप पेपर पर पजेशन डीड रजिस्टर किया जा सकता है। नोएडा में सबसे बड़ी समस्या रजिस्ट्री नहीं होना है। यहां बिल्डरों ने प्राधिकरण का पैसा जमा नहीं किया। जिसके एवज में प्राधिकरण ने रजिस्ट्री रोक दी है। अमिताभ कांत सिफारिश के बाद बिल्डर से 25 प्रतिशत राशि लेकर रजिस्ट्री की जा रही है। नए नियम के तहत ऐसा कुछ नहीं होगा। जैसे ही बायर्स फ्लैट की राशि 10 प्रतिशत देकर बुकिंग कराएगा। उसी समय बिल्डर बायर्स के पक्ष में एग्रीमेंट टू सेल करते हुए कुल वैल्यू की स्टॉप डयूटी देते हुए रजिस्ट्री कराएगा। एक बार रजिस्ट्री होने से बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। साथ ही डर समाप्त हो जाएगा कि उसका फ्लैट कही और नहीं बिका है। प्राधिकरण या सरकार को राजस्व मिलेगा। साथ ही बिल्डर की ओर से की जाने वाली हेराफेरी समाप्त होगी।

### बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव

**इससे संबंधित एक पत्र नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की ओर से भेजा गया है। यमुना प्राधिकरण ने बोर्ड में प्रस्ताव लाकर इसे अपने यहां लागू कर दिया है। वहीं नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक भी जल्द होने जा रही है। इस प्रस्ताव को बोर्ड में लाया जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।**

# तेज रफ्तार अनुबंधित रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को कुचला

● मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई के पास हुआ हादसा




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद। मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई से आगे मेट्रो होम्स लैंड क्राफ्ट सोसायटी के सामने तेज रफ्तार अनुबंधित रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया।

हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर यातायात सुचारु कराया। गांव दुहाई निवासी 40 वर्षीय नवीन कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुताई का काम करते थे। सुबह साढ़े दस बजे के आसपास वह काम के सिलसिले से बाइक से दुहाई से मुरादनगर की और जा रहे थे। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई गेट से आगे मेट्रो होम्स सोसायटी के पास पहुंचा। अचानक तो गाजियाबाद से मेरठ की और जा रही अनुबंधित रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। इस हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया और वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया।

# गाजियाबाद के धर्मांतरण मामले में दो गिरफ्तार

● लोगों से कहते- धर्म बदल लो, बीमारियां ठीक हो जाएंगी, गरीबी मिट जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में धर्मांतरण के दो अलग-अलग मामले सामने आए थे। इसको लेकर हिंदू रक्षा दल और विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था।

आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह दोनों ही बीमारी ठीक करने और अन्य तरह के प्रलोभन देकर लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करते थे। आरोपियों के खास निशाने पर गरीब लोग होते थे।

गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सेन विहार इलाके में पुष्पा नाम की महिला अन्य महिलाओं को बीमारी ठीक करने और अन्य तरह के प्रलोभन देकर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में धर्मांतरण करवा रही है। इसको लेकर मुकदमा दर्ज किया गया। बुधवार को पुलिस ने पुष्पा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पुष्पा ने बताया है कि वह ईसाई धर्म की शिक्षाओं से प्रभावित है, जिसके चलते अन्य लोगों को भी इस धर्म में जोड़ना चाहती है। पुष्पा के मुताबिक मोहल्ला की अन्य महिलाओं को इस धर्म में जोड़ने के लिए वह बाइबल का पाठ करने के लिए बुलाती है और उन्हें ईसाई धर्म अपने के लिए प्रेरित करती है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस को शिकायत मिली थी कि दिल निवासी राजू पादरी बीमारी का इलाज करने के बहाने थाना क्षेत्र के डूंडाहेड़ा में हिंदू समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिख लिया था राजू पादरी अभी फरार है। हालांकि उसके करीबी सचिन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सचिन ने पुलिस को बताया है कि राजू पादरी ने उन्हें धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया था और प्रलोभन दिया था। इसी प्रलोभन के चलते वह अन्य लोगों को भी धर्म से जोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा था।

## मोदीनगर में गोकशी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर गांव के मुकीमपुर में दो दिन पहले हुई गोकशी में शामिल बदमाशों से बुधवार सुबह तीन बजे पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। एक बदमाश को घेराबंदी करके पकड़ा गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बुधवार सुबह दो बजे के आसपास सूचना मिली कि गोकशी करने वाले तीन बदमाश घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही भोजपुर पुलिस व स्वाट टीम को लगाया है। कार रुकते ही तीन बदमाश कार से उतरे और भगाने लगे। एक बदमाश ने भागते हुए पुलिस पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में उस बदमाश के पैर में गोली लगी।

# नोएडा में दो मुठभेड़, बदमाशों के पैर में लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में दो मुठभेड़ में दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक बदमाश फरार हो गया। पकड़ गए बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है। इसमें एक मोबाइल और चेन स्नेचर है। बाकी दो चोरी की घटना करते थे। पुलिस को तीनों अपराधी की तलाश थी। मुखबिर से सूचना पर दो को गिरफ्तार किया गया।

पहला मामला नोएडा की थाना सेक्टर-20 पुलिस डीएलएफ मॉल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नही रुका और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर



घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

संदिग्ध बाइक सवार ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान अजीत पुत्र शिवकरन निवासी जेजे कॉलोनी सेक्टर-17ए हुई। बदमाश के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेंडर बिना नंबर प्लेट व 01 अवैध तमंचा .315 बोर एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घायल बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा व वाहन चोर है। आने-जाने वाले युवकों व महिलाओं से मोबाइल लूटने की घटना करता था। इसके ऊपर करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। दूसरा मामला थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा पुश्ता रोड पर चेकिंग की जा रही थी। एक संदिग्ध बाइक सवार दो व्यक्तियों को चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया। जिस पर संदिग्ध बाइक सवार बैरियर से बचकर भागने का प्रयास करने लगे। जिससे उनकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराकर फिसल गई। बदमाशों द्वारा स्वयं को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान गौरव उर्फ तुषार हुई। बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस जो गाजियाबाद से चोरी करना बताया है। 01 अवैध तमंचा .315 बोर एक खोखा व दो जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुए है। घायल बदमाश का साथी अंधेरे में झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गया। जिसकी तलाश के लिए कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अंतर्गत ई रिक्शा व जेपी विशटाउन से स्क्रैप चोरी करना बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



चिल्ला बॉडर पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते एसीपी व अन्य।

### स्कूली की छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**नोएडा।** एक देश का निर्माण आत्मानुशासन से ही संभव है और यही स्वतंत्रता का अभिप्राय भी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आयोजित कार्यक्रम में एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने यह बात कही। इस अवसर पर सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज व गौतमबुद्ध नगर बालक इंटर कॉलेज के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से पोस्टर प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक तथा योगानुसंधान हापुड़ की टीम की तरफ से योग पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर 2 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज के समक्ष राष्ट्रगान से हुआ, जिसमें एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व एसीईओ प्रेरणा सिंह सहित ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सबसे पहले सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं की तरफ से सरस्वती वंदना से की प्रस्तुति दी गई। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन ओएसडी अर्चना द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, जीएम नियोजन लीनू सहगल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी व बालक और बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षकगण मौजूद रहे।

### गाजियाबाद में महिला शराब तस्कर पकड़ी

**गाजियाबाद।** आबकारी अफसरों ने यूपी दिल्ली बॉर्डर के पास से एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला शराब तस्कर के पास से दिल्ली और हरियाणा ब्रांड की भारी मात्रा में शराब बरामद हुई है। आबकारी विभाग और पुलिस अब इस जांच में जुटा है कि इसके गैंग में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। गाजियाबाद में क्षेत्रीय आबकारी अधिकारी अनुज वर्मा ने बताया, आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के बुध बाजार रोड में एक महिला अवैध शराब का काम करती है। स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने महिला बबीता पत्नी बबलू निवासी राहुल गार्डन गली नंबर 10 बुध बाजार रोड के यहां रेड की। दबिश में आबकारी विभाग को यहां से देसी और अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि छापेमारी में बरामद शराब सिर्फ हरियाणा और दिल्ली में विक्रय के लिए मान्य है। इसकी यूपी में बिक्री नहीं की जा सकती। महिला के घर से 17 पेटी यानी 161 लीटर शराब बरामद हुई है। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 60 और 63 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### गांधी प्रतिमा की सफाई कर भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजली

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी की जयंती पर व सेवा पखवाड़ा के समापन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने लोहिया नगर में स्थित गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इसी दौरान स्वच्छता अभियान में पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी ने पार्क में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति की साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्मदिवस राष्टीय पर्व के तौर पर मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट संघ ने भी आज के दिन को अंतरराष्टीय अहिंसा दिवस घोषित कर रखा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में बड़े जोश, परिश्रम और समर्पण के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने एक पर्व के रूप में मनाया। संजीव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को याद कर हम सभी को उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लेना है।

# त्योहारों व परीक्षाओं के देखते हुए नोएडा में धारा 163 लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त हृदेश कठेरिया ने जारी किया आदेश

शहर में त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए नोएडा पुलिस कमिश्नरेट बड़ा कदम उठाने जा रही है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने आगामी त्यौहारों, विभिन्न परीक्षाओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले धरना प्रदर्शन को देखते हुए यह कदम उठाने का निर्णय लिया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने शहर में धारा 163 लागू करने का फैसला लिया है।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त हृदेश कठेरिया ने आदेश जारी करते हुए इस बात की सूचना दी है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त हृदेश कठेरिया ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 से नवरात्रि शुरू हो रही है साथ ही 11 अक्टूबर को महानवमी व दशहरा का त्यौहार भी मनाया जा रहा है। अपर पुलिस आयुक्त ने बताया कि इसी बीच शहर में कई परीक्षाएं भी आयोजित होने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शहर में कई संगठनों ने धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं और साथ ही कई कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है।

इसी को देखते हुए शहर में शांति व्यवस्था भंग किए जाने की आशंका हो सकती है। श्री कठेरिया ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शहर में धारा 163(पूर्व में धारा 144 थी ) लागू करने का निर्णय लिया गया है।

अपर पुलिस आयुक्त हृदेश कठेरिया ने बताया कि धारा 163 लागू किए जाने के बाद शहर में कई चीजों पर रोक लगा दी गई है। आदेश को सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा और नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया जाएगा। इसमें प्रमुख तौर पर कोई भी व्यक्ति पुलिस आयुक्त , अपर पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त की पूर्व अनुमति लिए बिना पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का किसी प्रकार का कोई जुलूस नहीं निकलेगा और ना ही सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित होगा।

अपर पुलिस आयुक्त ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर इस आदेश या किसी नियम का उल्लंघन करता है तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अपराध होगा।

# फ्लैट में युवक का मिला शव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की एक सोसायटी में एक फ्लैट में बदबू आने पर निवासियों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर अंदर फ्लैट में घुसी। देखा 40 साल के एक युवक का शव बाथरूम के पास मिला जबकि दूसरे कमरे में उसके 80 साल के बुजुर्ग बेहोशी की हालत में मिले। थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग ने बताया- पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र की जीएच7 सोसाइटी परिसर के एक फ्लैट से बदबू आ रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो सोसाइटी के टावर 10 के 14 फ्लोर से बदबू आने की शिकायत निवासियों ने की।

पुलिस फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो 40 साल के युवक का शव बाथरूम के पास मिला। वहीं उसके 80 वर्षीय बीमार पिता दूसरे कमरे में बेहोश मिले। इनकी पहचान हरीश सहगल और बेटे तनुज सहगल के रूप में हुई है। हरीश सहगल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तनुज सहगल का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिससे उसकी मौत का पता चल सके।

# गैस का अवैध कारोबार करने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलिन्डर ब्लैक करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से अलग-अलग कंपनियों के 34 घरेलू गैस सिलिन्डर मिले है। इसमें 27 सिलेंडर भरे हुए थे।

नोजल की मदद से ये गैस छोटे सिलिन्डर में भी भरता था। जिला आपूर्ति विभाग को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद थाना सेक्टर-63 पुलिस के साथ मिलकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान अवधेश कुमार निवासी बहोलपुर हुई है।

थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बहलोलपुर गोल चक्कर से आगे पुश्ता रोड पर नीचे शटर लगी है। जिसमें घरेलू गैस सिलिन्डर का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा आपूर्ति विभाग को सूचना दी गयी। थाना सेक्टर-63 पुलिस एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई। मौके पर पहुंचे तो शटर बंद था। इसके बाद दुकान के शटर को खोलकर देखा तो उसमे 34 घरेलू गैस सिलेंडर अलग-अलग कंपनियों के मिले। पूछताछ के दौरान अवधेश ने बताया कि पिछले 04 महीने से गैस बिक्री का अवैध काम कर रहा था। परचून की दुकान के माध्यम से छोटे सिलेंडरों में गैस भरकर बेचता था। 15 दिन पहले उसने ये दुकान किराये पर ली थी। बताया गया कि वह घरेलू गैस सिलेंडरों में गैस भरकर बहलोलपुर के जरूरतमंद लोगों को पैसों में बेचता था। दुकान से बरामद 34 घरेलू गैस सिलिन्डर के कागजात के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि गैस सिलिन्डर से संबंधित कागजात उसके पास नहीं है। जिन लोगों के पास अधिक खाली सिलिन्डर होते थे। उनसे खाली घरेलू गैस सिलिन्डर 3000-3000 रुपए में खरीद लेता था। उसे भरवाकर अवैध तरीके से बेच दिया जाता था। रबर पाइप रेग्युलेटर की मदद से रिफलिंग मशीन द्वारा गैस दूसरे सिलिन्डर में भरी जाती थी। इसके पास से नोजल मिले है। जिसकी मदद से ये खाली सिलिन्डर को भरता था।





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधामंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सलामी देते संयुक्त पुलिस आयुक्त

## गाजीपुर बार्डर पर किसानों ने किया हवन और पंचायत

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन ने गाजीपुर बार्डर किसान क्रांति गेट पर किसान आंदोलन के दौरान दिवंगत हुए किसानों की याद में हवन किया व पंचायत की।

इस दौरान किसानों ने प्रतीकात्मक रूप से दिल्ली की ओर कूच किया। बता दें किसान हर वर्ष दो अक्टूबर को गाजीपुर किसान क्रांति गेट पर आंदोलन में दिवंगत किसानों की याद में हवन करते हैं।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में हरिद्वार से किसान क्रांति यात्रा चल कर दिल्ली स्थित गांधी जी की समाधि पर समाप्त होनी थी, लेकिन पुलिस ने यूपी गेट पर किसानों के साथ गलत व्यवहार किया व उन पर लाठीचार्ज कराकर उन्हें बॉर्डर पर ही रोक दिया।

# जेवर-दादरी के चार गांव टीबी मुक्त, ग्राम प्रधान सम्मानित

● जिलाधिकारी ने महत्मा गांधी और लाल बहादूर को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कैंप कार्यालय सेक्टर-27 नोएडा में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। यह दोनों एक विचार हैं, जिसे भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में गांधी विचारधारा एवं लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन उच्च विचार का अनुसरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमको निरंतर स्तर पर उनके विचार आदर्शों से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने जीवन में आत्मसात कर अपने पथ पर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे कि समाज एवं प्रदेश तथा देश का विकास तीव्र गति के साथ संभव हो सके। जिलाधिकारी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि वह सादगी के एक उदाहरण हैं। उन्होंने देश को 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया।

सादा जीवन उच्च विचार ही दोनों महापुरुषों की एक भारत में पहचान है। हमको संकल्पित होकर इन महापुरुषों के विचारों एवं आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में नित्य कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

साफ-सफाई का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए और इसे हमें अपने जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बनाना है। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि तहसील जेवर के ग्राम चचुरा, दलेलपुर एवं तहसील दादरी के ग्राम उपरालशी, गुलावठी खुर्द के ग्राम प्रधानों के सहयोग से 04 ग्रामों को वित्तिय वर्ष 2022-23 में टीबी मुक्त किया गया है।

जिला अधिकारी द्वारा इस अवसर पर ग्राम प्रधान चचुरा जेवर सुनिता सिंह, ग्राम प्रधान दलेलपुर जेवर कैलाश, ग्राम प्रधान उपरालशी दादरी उषा एवं ग्राम प्रधान गुलावठी खुर्द दादरी प्रभादेवी को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया भी गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनिल शर्मा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट स्टॉफ उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी को नमन



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट पहुंचकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बापू को पुष्पांजलि अर्पित की।



बापू का श्रंद्धजलि देती मुख्यमंत्री आतिशी। फोटो: रंजन डिमरी

# पीएम मोदी ने छात्रों के साथ किया श्रमदान

**● प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ पर एनडीएमसी के नवयुग स्कूल, पंडारा पार्क में की साफ- सफाई**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





नवयुग स्कूल में श्रमदान करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती और स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नवयुग स्कूल, पंडारा पार्क का दौरा किया और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विद्यार्थियों के साथ स्कूल में स्वच्छता श्रमदान किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज से दस साल पहले 2 अक्टूबर 2014 को एनडीएमसी क्षेत्र मंदिर मार्ग के वाल्मिकी बस्ती से ही स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने एक दशक के बाद, एनडीएमसी के नवयुग स्कूल में स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में फिर से एनडीएमसी क्षेत्र का दौरा किया और यहां स्वच्छता श्रमदान भी किया।

पीएम मोदी ने श्रमदान करने और विद्यार्थियों को राष्ट्र के भावी पथ प्रदर्शक के रूप में अपने प्रेरक शब्दों से प्रोत्साहित करने, स्वच्छता गान सुनने और स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा कम प्रयोग करें, पुन: उपयोग करें और रीसायकल करें की थीम पर छात्रों द्वारा बनाए गए क्रिएटिव की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने छात्रों के साथ बातचीत की और स्वच्छता अभियान में छात्रों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने छात्रों के साथ स्वच्छता के लाभ और योग आसन के बारे में बातचीत की। इस अवसर पर छात्रों ने स्वच्छता गीत गाया, जिसकी प्रधानमंत्री ने सराहना की। स्वच्छता अभियान में इसके अलावा एनडीएमसी क्षेत्र में सांसद बांसुरी स्वराज, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने नेहरू पार्क में स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया।

एनडीएमसी ने स्वच्छ और हरित राजधानी के निरंतर प्रयासों में, 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत परिवर्तनकारी गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की थी, जिसका समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के साथ हुआ। अभियान की थीम, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता ने रोजमर्रा के व्यवहार और मूल्यों में स्वच्छता के एकीकरण पर जोर डाला।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ एक भव्य स्वच्छता वाहन बेड़े की रैली द्वारा कनॉट प्लेस से किया गया था। रैली को सांसद बांसुरी स्वराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस रैली में स्वच्छता वाहनों के साथ-साथ स्वच्छता कार्यकर्ता भी शामिल थे, जिन्होंने एनडीएमसी की मजबूत स्वच्छता मशीनरी और इसकी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

एनडीएमसी ने सफ़ाईमित्रों को सशक्त बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया, 500 से अधिक सफ़ाईमित्रों ने अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए योग शिविरों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, सफाईमित्र सुरक्षा के प्रति एनडीएमसी की प्रतिबद्धता के तहत 1900 योगा मैट का वितरण किया गया साथ ही 1900 से अधिक सफाईमित्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर स्थायी प्रभाव पड़ा।

एनडीएमसी ने 100 से अधिक प्लास्टिक संग्रह अभियानों, स्वच्छता और प्लॉगिंग अभियानों के माध्यम से 750 किलोग्राम प्लास्टिक के संग्रह जैसी नवीन पहल भी शुरू की। स्वच्छता अभियान के गुमनाम नायकों - एनडीएमसी के सफ़ाईमित्रों को सम्मानित करने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवयुग स्कूल, सरोजनी नगर में स्वच्छता कार्यकर्ताओं, छात्रों और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कलाकारों द्वारा कला, संगीत, नृत्य का प्रदर्शन किया गया, इस कार्यक्रम में छात्रों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, इनमें उनके परिवार और अन्य हितधारक, जिन्होंने शहर भर में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में एनडीएमसी की निरंतर सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वे सभी शामिल हुए।

स्वच्छता कर्मियों की वर्षों से अनुकरणीय सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता कर्मचारी, सीवर मैन, माली , सर्वश्रेष्ठ स्कूल और कुल मिलाकर सर्वश्रेष्ठ वार्ड को सम्मानित भी किया गया।

यह सम्मान समारोह सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता सुनिश्चित करने, उन्हें एनडीएमसी की स्वच्छता टीम का स्तंभ बनाने में उनके अथक प्रयासों का सम्मान और मान्यता थी।

### 15 दिनों में 170 से अधिक कार्यक्रम का आयोजन

पिछले 15 दिनों के स्वच्छता पखवाड़े में, एनडीएमसी ने 170 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें 50,000 से अधिक नागरिक और 30,000 छात्र शामिल हुए। इस अभियान ने नई दिल्ली में 18 ब्लैकस्पॉट को बदल दिया है, उपेक्षित क्षेत्रों को जीवंत सामुदायिक स्थानों में बदल दिया है। रचनात्मकता की शक्ति के माध्यम से, शिवाजी स्टेडियम जैसी जगहों को रंगीन भित्तिचित्रों के साथ पुनर्जीवित किया गया है, जो हमारे सार्वजनिक क्षेत्रों में गौरव पैदा करते हैं।

### अभियान में लगाए 10000 से अधिक पौधे

एनडीएमसी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में 10,000 से अधिक पौधे लगाए गए, जो हमारी माताओं के साथ साझा किए जाने वाले भावनात्मक बंधन से जोड़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिलता है, जो स्वच्छता का एक अभिन्न अंग है।

# महात्मा गांधी से सीख लेकर आप सरकार सेवा में जुटी : केजरीवाल

**● कहा, बापू का सपना एक ऐसे देश का था, जहां सबको अच्छी शिक्षा, इलाज मिले और लोग भाई-चारे के साथ रहें**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बापू को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हमेशा सर्वजन समभाव की सीख देता है। आम आदमी पार्टी की सरकार बापू के जीवन दर्शन से सीख लेकर जनता की सेवा में जुटी है। उनका सपना एक ऐसे देश का था, जहां सबको अच्छी शिक्षा और इलाज मिले, सभी धर्म-जाति के लोग भाई-चारे के साथ रहें, जो अब दिल्ली में मुमकिन होने लगा है।

दिल्ली में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, सबको अच्छा इलाज व 24 घंटे बिजली, पानी, किसानों को पूरा मुआवजा, शहीदों को सम्मान और युवाओं को रोजगार मिलने लगा है। बापू का जीवन संदेश सदैव पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता रहेगा। देश की आजादी के लिए लड़ते हुए गांधी का सपना था कि ऐसा हिंदुस्तान बनाएंगे, जहां बेहतर जिंदगी पर सभी का समान अधिकार होगा। क्योंकि देश, जमीन पर खींची हुई किसी लकीर का नाम नहीं है। देश, देश के लोगों से बनता है। हमने दिल्ली में जन-गण को जोड़कर इस तंत्र को बदला है। हमने गणतंत्र को उसकी ताकत से मिलवाया है। दिल्ली वासियों को बापू के सपनों की यह सुनहरी सुबह मुबारक हो।

### मेयर शैली ने राजघाट में माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने टाउन हॉल जाकर भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाकर हम गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### कार का सीएनजी टैंक फटा, एक घायल

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में बुधवार सुबह एक कार का सीएनजी टैंक फट जाने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान संजय के रूप में हुई है। डीएफएस अधिकारी ने बताया, हमें सुबह 6.55 बजे एक कार के सीएनजी टैंक में विस्फोट के बारे में सूचना मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### जापानी मेले को दर्शकों ने सराहा



**नई दिल्ली।** जापान के दूतावास और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से टैगोर गार्डन स्थित पैसिफिक मॉल में जापानी एनीमे और संस्कृति को समर्पित मेले को दर्शकों ने खूब सराहा। इस मेले का उद्घाटन जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी और जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जेसीसीआई) के अध्यक्ष योशियुकी एनोमोटो ने किया था। कार्यक्रम में 40 से ज्यादा जापानी ब्रांड्स ने हिस्सा लिया, जिनमें ट्रैवल, टूरिज्म, एजुकेशन और एनीमे से जुड़ी कई गतिविधियां शामिल थीं। इस मेले में दर्शकों ने जापानी एनीमे फिल्मों का आनंद उठाया और साथ ही जापानी खाने और संस्कृति का अनुभव भी किया।

### पुराने वाहनों के स्क्रैप से नई खरीद पर मिलेगी छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने समय पूरा कर चुके वाहनों की स्क्रैपिंग की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस दिशा में दिल्ली सरकार अब दिल्लीवालों को पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर नई गाड़ियों की ख़रीद में 'मोटर व्हीकल टैक्स' पर छूट देगी। मुख्यमंत्री आतिशी से इस योजना की मंजूरी मिल चुकी है और बहुत जल्द इसे अधिसूचित भी कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत नए कमर्शियल और नॉन कमर्शियल गाड़ियों के पंजीकरण में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी में पुराने स्क्रैप किए गाड़ी के 'सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपॉजिट' (सीओडी) जमा करवाने पर लोगों को मोटर व्हीकल टैक्स में छूट मिलेगी।इस योजना के तहत नए नॉन-ट्रांसपोर्ट पेट्रोल/सीएनजी/एलपीजी चालित वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर मोटर व्हीकल टैक्स में 20 फीसदी और ऐसे डीजल चालित वाहनों के लिए छूट 15 फीसदी होगी। साथ ट्रांसपोर्ट (कमर्शियल) इस्तेमाल वाले पेट्रोल/सीएनजी/एलपीजी चालित वाहनों को मोटर व्हीकल टैक्स में 15 प्रतिशत और ऐसे नए डीजल चालित वाहनों के लिए 10 फीसदी छूट दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि, 'सर्टिफिकेट ऑफ़ डिपॉजिट' (सीओडी) जारी होने के 3 साल तक मान्य रहेगा।

### केजरीवाल एक-दो दिन में घर खाली कर देंगे : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास अगले एक दो दिनों में खाली कर देंगे क्योंकि उनके लिए नई दिल्ली क्षेत्र में एक आवास तय हो गया है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहने के लिए आएंगे। आप ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि केजरीवाल अपने परिवार के साथ मंडी हाउस के पास फिरोज शाह रोड पर आप के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो सरकारी बंगलों में से एक में रहने के लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों बंगले रविशंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं।इस महीने की शुरुआत में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले केजरीवाल ने कहा कि वह नवरात्रि के दौरान फ्लैगस्टाफ रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर देंगे। हिंदुओं का का यह त्योहार बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा है। पार्टी ने एक बयान में कहा, केजरीवाल अगले एक-दो दिनों में मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास खाली कर देंगे, क्योंकि उनके और उनके परिवार के लिए एक आवास तय कर लिया गया है। पार्टी ने कहा कि केजरीवाल अपने परिवार के साथ नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में रहेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वे दिल्ली विधानसभा में करते हैं।

# वांगचुक को फिर हिरासत में लिया, अनशन जारी

**● दिल्ली पुलिस सोनम को राजघाट लेकर गई**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और लद्दाख के 150 अन्य प्रदर्शनकारियों ने दोबारा हिरासत में लिए जाने के बाद अपना अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को भी जारी रखा। उन्होंने कहा कि शांति और लोकतंत्र को प्रदर्शित करने वाले दिवस गांधी जयंती पर उनके अधिकारों को कुचल दिया गया है। मंगलवार को दिल्ली पुलिस उन्हें राजघाट लेकर गई।

वांगचुक दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जो एक महीने पहले लेह से शुरू हुई थी।उन्हें सोमवार रात हिरासत में लिया गया। लेह एपेक्स बॉडी के समन्वयक जिगमत पलजोर ने बुधवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से जारी उनकी हिरासत अवैध है।पलजोर ने कहा, हम पदयात्री खुद को एक खतरनाक स्थिति में पा रहे हैं। हमें 24 घंटे से ज्यादा समय से हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत अवैध है, 24 घंटे की अवधि बीत चुकी है और हमें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कुछ समूहों को 24 घंटे के अंदर रिहा कर दिया गया और फिर थाने वापस बुला लिया गया। बीती रात को पुलिस ने हमें जबरन एक अज्ञात स्थान पर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन हम विरोध में डटे रहे। पलजोर ने बयान में कहा, बवाना थाने में हमारे फोन जब्त कर लिए गए हैं, जिससे हम बाहरी दुनिया से कट गए हैं। अधिकारी ने बताया वांगचुक और हिरासत में लिए गए लद्दाख के अन्य नागरिकों को मंगलवार रात रिहा कर दिया गया था लेकिन वे दिल्ली के मध्य भाग की ओर मार्च करने पर अड़े रहे, इसलिए उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया गया।

# 'जल बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार का सीवीसी ने लिया संज्ञान'

**● डीजेबी में वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे पर मुख्य सचिव ने जांच की कार्रवाई शुरू की : विजेंद्र गुप्ता**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड में कथित वित्तिय अनियमितताओं की केंद्रीय सतर्कता आयोग ने जांच शुरू कर दी है।

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उन्होंने मामले की शिकायत सीवीसी से की थी। जिसे सीवीसी ने मुख्य सचिव जो दिल्ली सरकार के चीफ विजिलेंस आफिसर हैं, को जांच के लिये सौंपा था। सीवीओ ने इस पर कार्रवाई करते हुए सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव को इस पर जाँच की कार्रवाई शुरू करने के लिए सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सितम्बर 2024 को दिल्ली जल बोर्ड में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत केंद्रीय सतर्कता आयुक्त को भेजी गई थी। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीवीसी ने इसे दिल्ली के मुख्य सतर्कता अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया था। अब सीवीओ ने सीवीसी की संस्तुति के आधार पर इस शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव को दस्तावेज सौंप दिये है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा 15 मार्च 2024 को जल मंत्री आतिशी को दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय अनियमितताओं पर एक रिपोर्ट विधानसभा के सदन में सौंपी गई थी लेकिन जल मंत्री आतिशी ने रिपोर्ट को छुपा लिया और विधानसभा के पटल पर सदस्यों को यह रिपोर्ट वितरित नहीं की गई।

इस रिपोर्ट में पिछले दस सालों में जल बोर्ड द्वारा जो कुल 73,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया। रिपोर्ट में विभिन्न वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी दी गई थी, लेकिन अपनी कारगुजारियों को छिपाने के लिए मंत्री ने इसे अपने आफिस में ही दबाकर रख दिया और विधानसभा में पेश नहीं किया।

# यमुना के किनारे लहलहाने लगी मेघालय हल्दी की खेती

**● लोगों को उपलब्ध कराने की योजना पर चल रहा काम**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में यमुना के किनारे हरे-भरे 'बांसेरा' में जल्द ही मेघालय की विश्व प्रसिद्ध 'लकदोंग हल्दी' की पहली फसल होने वाली है। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की पहल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बांसेरा में 2 एकड़ से अधिक की भूमि पर, घने बांस के पेड़ों के बीच, लकदोंग हल्दी को लगाया था। बीते 4 महीनों में इसमें शानदार वृद्धि देखने को मिली है। दिल्ली के लोगों को यह जल्द ही डीडीए से बिक्री के माध्यम से उपलब्ध हो सकती है। उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली में लकदोंग हल्दी को उगाने का यह प्रयोग, उनके लगातार किए गए नए प्रयोग और अंतर-सांस्कृतिक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य दिल्ली की वनस्पतियों में विविधता लाना है। यह दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में चंदन, चिनार, चेरी ब्लॉसम, वाटर एप्पल, ग्रीन एप्पल और अंगूर उगाने के सफल प्रयोग के बाद किया गया है।

अपने इन्हीं प्रयासों को जारी रखते हुए, उपराज्यपाल ने डीडीए को मेघालय से लकदोंग हल्दी के बीज खरीदने और बांसेरा में, बांस के पेड़ों के नीचे इसकी खेती करने का निर्देश दिया था। बांस का पेड़ इसके विकास के लिए अनुकूल माना जाता है।

मेघालय की जैंतिया हिल्स में पाई जाने वाली लकदोंग हल्दी की एक दुर्लभ और बेश कीमती किस्म है। यह इसमें मौजूद करक्यूमिन के लिए जानी जाती है, जो इसे एक चमकीला पीला रंग और एक खास सुगंध और स्वाद देती है। इसे दुनिया भर में हल्दी की सबसे अच्छी किस्मों में से एक माना जाता है। उपराज्यपाल के निर्देशानुसार, डीडीए ने मेघालय से उच्च गुणवत्ता वाले लकदोंग हल्दी के 5 क्विंटल बीज - राइजोम (हल्दी के पौधे का भूमिगत तना) खरीदे थे और जून में इन्हें बांसेरा में लगाया था। तब से, 80 प्रतिशतसे अधिक की उपज के साथ इसमें आशाजनक वृद्धि देखी गई है।

बागवानी विशेषज्ञ हल्दी के पौधों की वृद्धि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बांसेरा, जिसमें 30,000 से अधिक बांस के पौधे हैं, ने इसके लिए एक ऐसा अनुकूल वातावरण बनाया है, जिसमें हल्दी और बांस दोनों ही फल-फूल रहे हैं। इस हल्दी को उगाने में मिली सफलता के आधार पर ही अब डीडीए, दिल्ली के विभिन्न स्थानों में इसकी खेती करने पर विचार करेगा।

लकदोंग हल्दी जो अपने असाधारण करक्यूमिन के लिए जानी जाती है, जो इसमें करीब 7.4 प्रतिशततक होता है, और इस वजह से इसकी मांग औषधीय और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सबसे अधिक होती है।

इसके अलावा इसमें 3.6 प्रतिशत से 4.8 प्रतिशत तक तेज सामग्री होता है, जिसकी मांग विभिन्न उद्योगों में होती है।

### राजधानी से मानूसन ने ली विदाई

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की बुधवार को दिल्ली से विदाई हो गई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण ही इस साल देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। आमतौर पर, मानसून 17 सितंबर तक उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू कर देता है और एक सप्ताह के भीतर दिल्ली को अलविदा कह देता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक बयान में कहा कि हरियाणा दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से विदा हो गया। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अधिक और तीव्र निम्न दबाव प्रणालियों के परिणामस्वरूप 2024 के मानसून के दौरान भारत में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून आधिकारिक तौर पर सोमवार को समाप्त हो गया।

# गुरुग्राम के मतदान केंद्रों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी

● क्रिटिकल बूथ पर दो कैमरे लगाए जाएंगे

● जिला स्तर पर लघु सचिवालय में स्थापित किया जाएगा कंट्रोल रूम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए जिला के सभी 1507 मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे लगाकर वेबकास्टिंग की जाएगी। इसके लिए लघु सचिवालय परिसर के सभागार में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यहां लगी स्क्रीन पर कर्मचारी बूथ पर चल रही गतिविधियों को देख सकेंगे।



डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव में पूर्ण पारदर्शिता के साथ एक-एक काम को करवाया जा रहा है। चुनाव में मतदान का दिन सबसे अधिक महत्व रखता है, जिस दिन मतदाता वोट डालने के लिए बूथ पर जाते हैं।

इस बार पांच अक्तूबर को जिला के बादशाहपुर, सोहना, गुड़गांव तथा पटौदी विधानसभा क्षेत्र के 1507 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। प्रशासन और आम नागरिक सभी चाहते हैं कि मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में होना चाहिए।

इसी उद्देश्य से मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी वेबकास्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों का सीधा प्रसारण स्थानीय कंट्रोल रूम, राज्य चुनाव कार्यालय तथा भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय में देखा जा सकेगा। पीठासीन अधिकारी बूथ पर पहुंचते ही सबसे पहले यह सुनिश्चित करेंगे कि कैमरा सही स्थान पर लगा हुआ है। कैमरे में बूथ में आ-जा रहे लोगों की गतिविधियां देखी जाएंगी। वोटिंग कंपाउंड की गोपनीयता को इसमें नहीं दिखाया जाएगा। वोटिंग कंपाउंड के आसपास मतदान करने वाले व्यक्ति से अधिक व्यक्ति खड़े हुए तो उनको कैमरा में देखा जा सकता है। इसलिए वोटिंग कंपाउंड के नजदीक बिना वजह कोई व्यक्ति खड़ा ना हो। इसकी रिपोर्ट तुरंत पुलिस को दे दी जाएगी। डीसी ने बताया कि जिला में 252 क्रिटिकल बूथ हैं, जहां पर अंदर और बाहर की गतिविधियों को दिखाने के लिए दो कैमरे लगवाए जाएंगे। किसी व्यक्ति ने मतदान की व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास किया तो इसे सीसीटीवी में रिकार्ड कर लिया जाएगा तथा तत्काल कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने बताया कि बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की अनुमति से तीन बूथ और बढ़ाए गए हैं।

अब यहां पर 521 बूथ हो गए हैं। इसके अलावा गुड़गांव विधानसभा में 435, सोहना में 292 व पटौदी में 259 बूथ हैं। चारों विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी भी अपने कंट्रोल रूम में वेबकास्टिंग से किसी बूथ को देख सकते हैं।

## आज से 5 तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें




● मतदान क्षेत्र के भीतर घर, शराबखाने, दुकान या कोई अन्य स्थान, सार्वजनिक या निजी होटल पर शराब बेचने या परोसने पर रहेगा प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के तहत जिला में 3 अक्टूबर की शाम 6 बजे से 5 अक्तूबर को मतदान के दिन शाम 6 बजे तक शराब की सभी दुकानें बंद रहेगी। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सार्वजनिक व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इसे अनिवार्य किया है। जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदशों का उद्देश्य मुफ्त शराब के वितरण के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को रोकना है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 सी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी स्पिरिट युक्त या नशीली शराब या इसी तरह की प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल में बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जाएंगे। मतदान क्षेत्र में किसी भी चुनाव के लिए मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान मतदान क्षेत्र के भीतर घर, शराबखाने, दुकान या कोई अन्य स्थान, सार्वजनिक या निजी होटल पर शराब बेचना या परोसना प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने बताया कि किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने या परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को उपरोक्त दिनों में किसी को भी शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।जिलाधीश ने बताया कि गैर-मालिकाना क्लब, स्टार होटल, रेस्तरां आदि और होटल शराब रखने और आपूर्ति के लिए लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों के तहत काम करने वालों को भी उक्त दिनों में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उपरोक्त अवधि के दौरान व्यक्तियों द्वारा शराब के भंडारण पर अंकुश लगाया जाएगा और उत्पाद शुल्क कानून में दिए गए प्रतिबंधों के तहत रोक लगाई जाएगी।

## मतदाताओं को जागरुक करने को बच्चों ने निकाली रैली




**गुरुग्राम।** मताधिकार का सम्मान करें, पांच तारीख को मतदान करें...वोट से है आपकी पहचान, अपने क्षेत्र का करें कल्याण.. जैसे नारों से सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बादशाहपुर में मतदाता जागरुकता का अभियान चलाया। शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलवाई गई तथा शहर के मुख्य बाजारों में नागरिकों व दुकानदारों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि 5 अक्टॆबर को अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए गुरूग्राम जिला के नागरिकों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को भी वोट की महत्ता बताई जा रही है, जिससे कि वे अपने घर में 18 साल से अधिक आयु के सदस्यों को मतदान करने के लिए कहें। बादशाहपुर के सेक्टर-75 स्थित सूरज स्कूल में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने छात्र-छात्राओं को लोक हित में मतदान की शपथ दिलवाई। इसके अलावा सूरज स्कूल के बच्चों ने जनचेतना रैली निकाल कर लोगों को वोट डालने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि बादशाहपुर की मार्केट में सिविल डिफेंस के वालंटियरों ने दुकानदारों तथा दुकानों पर मौजूद महिलाओं व पुरूषों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा। एडीसी ने बताया कि गुरुग्राम में सौ से अधिक सिनेमाघरों में मतदाता जागरूकता के लिए डीसी निशांत कुमार यादव तथा उनकी तरफ से वोटिंग की अपील की वीडियो क्लिप चलाई जा रही है।

## जनता के प्रेम से चुनावी जंग को जीतेंगे: नवीन गोयल




लेजरवैली मैदान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पहले समाजसेवी अब राजनीति के माध्यम से गुरुग्राम को संवारने चले गुड़गांव विधानसभा से 36 बिरादरी, सभी आरडब्ल्यूए, सभी संस्थाओं व एनजीओ ने गुरुग्राम विजय रैली करके निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल की जीत सुनिश्चित करने का आगाज किया।

वैश्य समाज के पुरोधा रामनिवास मंगला की अध्यक्षता में गुरुग्राम विजय रैली हुई। निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल ने गुरुग्राम के हर व्यक्ति का आभार जताते हुए कहा कि यह प्यार, यह विश्वास सदा ऐसे ही बनाए रखें। नवीन गोयल ने मंच पर दंडवत होकर और बड़े भाई डा. डी.पी. गोयल ने झोली फैलाकर गुरुग्राम की जनता से समर्थन मांगा, ताकि वे गुरुग्राम की भलाई के लिए काम कर सकें। गोयल ने कहा कि सबके आशीर्वाद से ही वे इस चुनाव की जंग में हैं। नवीन गोयल ने भावुकता से यही कहा कि मेरी लाज रख लेना। इज्जत बचा लेना। अपने सपने मिट्टी में मत मिलने देना। पांच साल बहुत मेहनत की है। कभी 3 टाइम की रोटी घर नहीं खायी। गुरुग्राम की सेवा के लिए दिन-रात एक किया है। नवीन गोयल ने कहा-मैं गुरुग्राम की जनता के सामने नतमस्तक हूं। मेरा पूरा जीवन गुड़गांव को समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति तो हम कहीं पर भी कर सकते हैं। गुड़गांव को दिल से चाहते हैं। तभी यहां की सेवा करना चाहते हैं। यह कर्मभूमि है। गुड़गांव का कर्ज किसी भी सूरत में नहीं उतार सकते। रैली में सधे हुए शब्दों में अनुराधा शर्मा ने कहा-द्वंद्व कहां तक पाला जाए-युद्ध कहां तक टाला जाए। इन शब्दों से उन्होंने नवीन ही नहीं, रैली में पहुंचे लोगों के दिलों में भी जोश भरा। सभी ने नवीन गोयल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का ऐलान किया। रैली में सदर बाजार व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान रोशन लाल मंगला, भाजपा छोड़कर नवीन गोयल को समर्थन देने वाले सुमेर सिंह तंवर, भाजपा छोड़ नवीन गोयल के समर्थन में आई वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व पार्षद सीमा पाहुजा, समाजसेवी प्रशांत भारद्वाज, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल, कलाकार फिरोज खान, भाजपा में 5 साल तक रहे समाजसेवी माइकल सैनी मध्यप्रदेश में भाजपा छोड़ने वाले कद्दावर नेता गुरसेन पटेल महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव का आशीर्वाद लेकर स्वामी उमानंद ने भी रैली को संबोधित किया।

## उम्मीदवारों के खर्च पर चुनावी पर्यवेक्षकों की नजर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे खर्च पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से फरीदाबाद जिला में नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक पारखी नजर रख रहे हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे खर्च की हर स्तर पर मॉनिटरिंग करने के साथ ही रिकार्ड की भी जांच प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसी भी रूप से चुनाव आयोग के आदेशों की अवहेलना न हो इसके लिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। जिला में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त खर्च पर्यवेक्षकों ने खर्चा रजिस्टर चैक करवाने का शेड्यूल निर्धारित करते हुए उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान खर्च रिकार्ड की अपडेट रिपोर्ट ली जा रही है। फरीदाबाद जिला सचिवालय स्थित सभागारों में चुनावी प्रक्रिया के दौरान 85-पृथला, 86 एनआईटी व 87-ब ?खल विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक कुमार उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा तथा 88-बल्लभगढ़, 89-फरीदाबाद, 90-तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक आईआरएस समता मुल्लमुडि व उनकी टीम द्वारा उक्त विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों अथवा चुनाव अभिकर्ताओं से सभागार कक्षों में चुनाव खर्च से संबंधित खर्चा रजिस्टर चैक किए। खर्च पर्यवेक्षकों ने कहा है कि उम्मीदवार अपने चुनाव व्यय रजिस्टर को प्रतिदिन के हिसाब से मैनटेंन रखें। एक उम्मीदवार का चुनाव खर्च निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई निर्धारित सीमा 40 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वीडियो सर्विलेंस टीम उम्मीदवार के चुनाव प्रचार एवं व्यय की वीडियो रिर्काडिंग कर रही हैं।

## चुनाव के चलते दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 4 व 5 अक्टूबर को सभी विद्यालयों का अवकाश घोषित किया है। डीसी ने बताया कि जिला में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की वोटिंग होगी। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया को विधिवत रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को किसी भी रुप से परेशानी न हो इसके लिए जिला फरीदाबाद में दो दिन सभी राजकीय, गैर राजकीय, निजी स्कूल के अवकाश रखने के निर्देश जारी किए हैं।

## भारतीय संस्कृति में नारी का विशेष स्थान: लेखी

● ब्रह्माकुमारीज ने महिलाओं के लिए 3 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करतीं पूर्व सांसद मीनाक्षी लेखी।

भारतीय संस्कृति में शक्ति का विशेष सम्मान होता है। नारी शक्ति का रूप है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। लेकिन सामाजिक असंतुलन के कारण महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। असंतुलन का कारण वैचारिक विकृति है। उक्त विचार पूर्व केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट में संस्कृति की संरक्षक महिला विषय पर आयोजित 3 दिवसीय महिला सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि वैचारिक शुद्धता से ही सब कुछ सही हो सकता है। मां ही बच्चों को संस्कृति के श्रेष्ठ विचार दे देती है। संस्था के महिला प्रभाग की अध्यक्षा बीके चक्रधारी ने कहा कि भारत देव भूमि है। अनेक प्रकार की संस्कृतियों के आघात के कारण इसका रूप बिगड़ा है। मानव के जीवन से दिव्यता समाप्त हो गई। संस्था पूरे विश्व में परमात्मा के दिव्य संदेश का प्रचार और प्रसार कर रही है। बीके डॉ. सविता ने कहा कि भारतीय संस्कृति दैवी संस्कृति रही है। जहां नारी का सम्मान होता था। कहा भी जाता है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताएं निवास करते हैं। पूर्व मिसेज गैलेक्सी क्वीन और मिसेज इंडिया इंटरनेशनल सिद्धि सोमानी जौहरी ने कहा कि जितना हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, उतना ही सफल होते हैं। महिलाएं किसी भी समाज के विकास का स्तंभ हैं। आयोजन को डॉ. फातिमा तनवीर, डॉ. उषा किरण, डॉ. अल्का अग्रवाल, बीके हुसैन ने कहा कि आध्यात्मिकता से ही जीवन में समृद्धि आती है। नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा से ही नारी सशक्त हो सकती है। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अपने समर्थकों संग बसपा में हुए शामिल

● समर्थन मिलने से मजबूत हुए बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

बसपा इनेलो गठबंधन की बघौला में हुई जनसभा के बाद बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को एक के बाद एक समर्थन मिल रहा है। बुधवार को शाहपुर खादर गांव निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष केसर भाटी अपने समर्थकों के साथ बसपा ज्वाइंन कर पृथला विधानसभा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। समर्थन मिलने से गदगद बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने मंडल अध्यक्ष केसर भाटी का आभार जताते हुए कहा कि पृथला विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है। लायक बेटे की तरह विधानसभा क्षेत्र की जनता की पूरी तरह सेवा करता रहुंगा। बुधवार को देर शाम तक क्षेत्र के नरियाला, शाहपुर खादर, फतेहपुर बिल्लौच समेत दर्जन भर गांवों में बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर व ढोल नगाड़ों के साथ लोगों ने रोड शो का स्वागत किया। बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने अपील की है कि आने वाले 5 अक्तूबर को हाथी के बटन पर मुहर लगाकर उन्हें सफल बनाएं।



## नारद मोह की लीला से शुरू हुई रामलीला

● रविपुरी महाराज ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पितृ पक्ष संपन्न होने के साथ भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामलीलाओं का मंचन भी होना शुरु हो गया है।

जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मंचन बीती रात शुरु कर दिया गया। रामलीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे भी पहुंचे। बाबा प्रकाश पुरी महाराज के परम शिष्य रवि पुरी महाराज व कमेटी के पदाधिकारियों गोपालदास बतरा, पवन सचदेव, यश अरोड़ा ने ऋषब वशिष्ठ, तान्या सलूजा ने विधि-विधान से पूजा कर रामलीला का शुभारंभ किया। उनका कहना है कि रामलीला की शुरुआत नारद के तप से शुरु हुई। नारायण-नारायण के जाप के साथ नारद जी भजनों के माध्यम से हिमालय पर्वत पर से जा रहे थे। हिमालय पर्वत में एक बड़ी पवित्र गुफा थी। वह परम पवित्र गुफा नारद जी को अत्यन्त सुहावनी लगी।

वहां पर के पर्वत, नदी और वन को देख कर वे वहीं बैठकर तपस्या में लीन हो गये। नारद मुनि की इस तपस्या से देवराज इन्द्र भयभीत हो उठे कि कहीं देवर्षि नारद अपने तप के बल से इन्द्रपुरी को अपने अधिकार में न ले लें। इंद्र ने नारद की तपस्या भंग करने के लिये सभी प्रयास किए, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। रावण के जन्म के साथ साथ तीनों भाई रावण, विभीषण एव कुंभकर्ण द्वारा भगवान शंकर की तपस्या के दृश्य को भी कलाकारों ने सजीवता से चित्रित किया। भगवान शंकर ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिए। जिसमें रावण ने भगवान शिव से सदा अमर रहने का वर मांगा और उसे अमरता का दिव्य अमृत दिया विभीषण को श्री हरि भक्ति और कुंभकर्ण को निन्द्राशन का वरदान प्राप्त हुआ। कमेटी के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी, प्रधान कपिल सलूजा, महासचिव अशोक प्रजापति और कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी आयोजन की व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में आयोजित किया सम्मान समारोह

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में गुरुग्राम में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर बुधवार को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

गुरुग्राम में 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण संबंधी अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें भागीदारी व सहयोग करने वाले स्वच्छता सैनिकों, सफाई मित्रों, सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को बुधवार को नगर निगम द्वारा प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सेक्टर-109 में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना शोभना झा व उनके शिष्यों ने कत्थक की बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उपस्थित सभी ने गुरुग्राम को स्वच्छ व हरा भरा बनाने की शपथ ली।

## चौथे गियर में करवाएंगे पलवल का विकास : गौरव गौतम

● लगातार मिल रहे जनसमर्थन से उत्साहित प्रत्याशी ने की ताबड़तोड़ जनसभाएं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गदपुरी पलवल में हुई जन आशीर्वाद रैली के बाद पलवल का चुनावी परिदृश्य एकदम बदला नजर आने लगा है। रैली से भाजपा उम्मीदवार गौरव गौतम को बड़ा राजनीतिक बुस्ट मिला है। मोदी की रैली से भाजपा उम्मीदवार व उनकी पार्टी के हौंसलें बुलंद है।

गौरव गौतम ने बुधवार को क्षेत्र में ताबड़तोड़ सभाएं की। उन्होंने एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर सभाएं, नुक्कड़ सभाएं व जलपान के कार्यक्रम आयोजित करके क्षेत्रवासियों को यह अहसास करवाया कि अपना तो अपना ही होता है लेकिन उस अपने के पास भी क्षेत्र के विकास, युवाओं के रोजगार व किसानों की समस्याएं हल करने का विजन होना चाहिए। ऐसे विजन हमारे पास हैं लेकिन विरोधियों के पास कोई विजन नहीं है। उसके पास केवल एक विजन है कि मेरा जो पिछले 10 साल का घाटा हुआ है, वो पूरा करवा दो।

अब क्षेत्र की समझदार जनता खुद फैसला कर ले कि जो व्यक्ति खुद का घाटा पूरा करने की सोचता हो, वह क्षेत्र की जनता का भला कैसे कर सकता है। क्षेत्र के कुसलीपुर-2, नांगल ब्राह्मण, आयानगर, अमरौली, भवाना, अच्छेजा, टिकरी गुर्जर, करीमपुर, नाई नंगला, अजिजाबाद एवं गुड़वास आदि गाँवों में जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों ने नोटों की माला पहनकर प्यार और आशीर्वाद दिया वही गौरव गौतम ने कहा कि जनता ने भाजपा को 2014 से 2024 तक मौका दिया, भाजपा ने पलवल का खूब विकास करवाया। अब हम भी वादा करते हैं कि तीसरी बार सरकार बनने व उसमें पलवल की भागीदारी होने के बाद चौथे गियर में विकास कराएंगे । जनसभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए अपील करी 3 तारीख को प्रात: 11:00 बजे पप्पन प्लाजा होटल के पीछे असम के मुख्यमंत्री हेमंत विसवा शर्मा और लोकसभा सांसद भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य व अन्य बड़े नेता पहुंच रहे हैं। वहीं लोगों से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में वहां पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करें

### कौन है हुड़दंगी, शरारती तत्व?

गौरव गौतम ने सवाल उठाया कि आखिर क्षेत्र में काले शीशे की गाड़ियों में घूमकर हुड़दंग मचाने वाले, गाली-गलौच करने वाले व धमकी देने वाले कौन लोग है, कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए। यह पलवल की संस्कृति व मर्यादा नहीं है। ऐसे लोगों को यहां की जनता कभी मुंह नहीं लगाएगी।

### जनसमर्थन देखकर आश्वस्त नजर आ रहे गौरव गौतम

गौरव गौतम अपने कार्यक्रमों में मिल रहे जनसमर्थन से आश्वास्त में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल मतदान व मतगणना का इंतजार है लेकिन यह हम कह सकते हैं कि जहां की जनता खुद चुनाव लड़ती हो और कमान जनता ने ही संभाल रखी हो, वहां का चुनाव परिणाम हमारे पक्ष में ही रहेगा, इसमें कोई शंका नहीं है।

